SABRIMALA
सबरी सबके लिए

**November 13, 2020**

| | |
|---|---|
| Manager –Listing<br>BSE Limited<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street,<br>Mumbai -400 001<br>Scrip Code: 540132 | The Listing Department<br>The Calcutta Stock Exchange Limited<br>7, Lyons Range<br>Kolkata-700001 |

**Sub: Submission of Newspaper Publication**
**Ref: Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

Dear Sir/ Ma'am,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company has published the Un-Audited Financial Results for the Quarter and Half Year Ended September 30, 2020 as approved by the Board of Directors of the Company in its Meeting held on 12th November, 2020 in the following Newspapers:

a) English Language National daily Newspaper: "Financial Express" dated November 13, 2020.
b) Regional Language Daily Newspaper: "Viraat Vaibhav" dated November 13, 2020.

We request you to kindly take this information on record.

Thanking You

Yours sincerely,

**For SABRIMALA INDUSTRIES INDIA LIMITED**

For SABRIMALA INDUSTRIES INDIA LIMITED

**Meenu Shama**
Director/Auth. Signatory
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Encl: as above**


**SABRIMALA INDUSTRIES INDIA LIMITED**
(Formerly Known as Sabrimala Leasing and Holdings Limited)
**Regd. Office.:** 205, Aggarwal Corporate Heights, Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi - 110034
Tel.: 011 - 47479723, Website:www.sabrimala.co.in, E-mail:cs@sabrimala.co.in
CIN:L74110DL1984PLC018467

सबने मिलकर गीले कूड़े से सोसायटी के अंदर ही कम्पोस्ट खाद बनाने की मैनुअल प्रक्रिया शुरू की है

# नगर निगम आयुक्त ने किया मैनुअल कम्पोस्ट खाद प्लांट का उद्घाटन

**वैभव न्यूज ■ फरीदाबाद**



नगर निगम के निगमायुक्त डा. यश गर्ग ने गुरूवार को सेक्टर-89 में पीयूष हाईट सोसायटी में मैनुअल कम्पोस्ट खाद प्लांट का उद्घाटन रिबन काटकर किया। इस मौके पर उनके साथ नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त इन्द्रजीत कुलड़िया भी मौजूद थे। हयूमन काइंड फाउडेंशन की अध्यक्ष मोनिका शर्मा, आरडब्ल्यू के मैम्बर बिजेन्द्र, वॉलियंटर रूचिका बोहरा, यामिनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। नगर निगम के आयुक्त डा. यश गर्ग ने पीयूष हाईट सोसायटी के बॉलियन्टर और आरडब्ल्यूए द्वारा उठाए गए इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की और कहा कि पीयूष हाईट सोसायटी में टोटल 1086 फ्लैट्स है और 650 लोग रह रहे है। सबने मिलकर गीले कूड़े से सोसायटी के अंदर ही कम्पोस्ट खाद बनाने की मैनुअल प्रक्रिया शुरू की है जो कि बहुत ही अच्छी, सस्ती और सरल प्रक्रिया है। इस मैनुअल कम्पोस्ट प्रक्रिया को फरीदाबाद की हर आरडब्ल्यूए संस्था को अपनाना चाहिए। मैनुअल कम्पोस्ट प्रक्रिया में नगर निगम प्रशासन भी उनकी पूरी तरह से मदद करेगा। निगमायुक्त डा. यश गर्ग ने फरीदाबाद के निवासियों से अपील की है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत गीला व सूखा कूड़ा अलग अलग इकट्ठा करने की योजना चलाई हुई है। समस्त फरीदाबादवासी इस योजना में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें तथा गीले कचरे के लिए हरे रंग का डस्टबिन और सूखे कूड़े के लिए नीले रंग का डस्टबिन का प्रयोग करें ताकि गीला और सूखा कूड़ा अलग अलग कर दिया जाए तो गीले कूड़े से खाद बनाई जा सकती है।

वहीं सूखे कूड़े को रिसाइकिल करके वस्तुएं भी बनाई जा सकती हैं। हयूमन काइंड फाउडेंशन की अध्यक्ष मोनिका शर्मा ने बताया कि पीयूष हाईटस सोसायटी के हर घर से गीला व सूखा कचरा अलग-अलग हो रहा है और इनका रोज का जो गीला कूड़ा है वो तकरीबन 500 किलो निकलता है जिससे हाउस कीपिंग स्टाफ द्वारा प्रतिदिन कम्पोस्ट खाद बनाई जाएगी जो यहां के पार्कों और पेड़-पौधों में इस्तेमाल की जाएगी। हाउस कीपिंग स्टाफ का उक्त कार्य में बहुत ही सराहनीय योगदान हो रहा है।

## 3 किलो 534 ग्राम गांजा सहित महिला समेत दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 ने नशे के कारोबार पर अंकुश लगाते हुए गांजा नशा तस्करी करने वाले महिला सहित 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला राजीव नगर एरिया फरीदाबाद की रहने वाली है। दूसरा आरोपी ओम मुरारी हरकेश नगर पार्ट 2 पल्ला फरीदाबाद का रहने वाला है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच ने अपने सूत्रों के माध्यम से दोनों आरोपियों को एत्मादपुर पुल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मौके पर ही 3 किलो 534 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद कर आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर 31 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ पर आरोपी ओम मुरारी ने बताया कि वह पलवल से गांजा लेकर आता है और आरोपी महिला को बेच देता है।

## आगरा नहर पर बने बड़ौली पुल का बचा हिस्सा गिराने का काम हुआ शुरू

**फरीदाबाद।** आगरा नहर पर बना हुआ जर्जर बड़ौली पुल का बचा हुआ हिस्सा भी गिराया जा रहा है, ताकि इसके पूरे हिस्से को बाहर निकाला जा सके। उत्तर प्रदेश सिचाई विभाग की ओर से यहां काफी मजदूर काम पर लगे हुए हैं। बता दें सितंबर में आगरा नहर पर बना बड़ौली पुल का एक हिस्सा ढह गया था।

# निकिता हत्याकांड की फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की मिली मंजूरी





**वैभव न्यूज ■ फरीदाबाद**

निकिता हत्याकांड का मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा। बृहस्पतिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक गुप्ता की तरफ से पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी गई। पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने यह मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाए जाने के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश को पत्र लिखकर सिफारिश की थी। इसके जवाब में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश पर महिलाओं के साथ हुए संगीन अपराध की सुनवाई के लिए पहले से अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सरताज बासवाना की अध्यक्षता में स्पेशल फास्ट ट्रैक अदालत है। यह मुकदमा उन्हीं की अदालत को सौंपा जाएगा। मुकदमे की प्रतिदिन सुनवाई होगी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश की तरफ से बताया गया है कि मुकदमा अभी इलाका मजिस्ट्रेट की अदालत में है। इलाका मजिस्ट्रेट को भी इस मुकदमे में सभी कागजी कार्रवाई जल्द पूरी कर मुकदमा सत्र न्यायालय को भेजने के लिए कहा गया है।

बता दें कि 26 अक्टूबर को बल्लभगढ़ में अग्रवाल कालेज के बाहर तृतीय वर्ष की छात्रा निकिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने हत्या के आरोप में सोहना निवासी तौशीफ और उसके साथी रेहान व पिस्तौल मुहैया कराने के आरोपी अजरू को गिरफ्तार किया है।

# सर्दियों में बढ़ जाता है ब्रेन स्ट्रोक होने का खतरा : डा. रोहित गुप्ता

**वैभव न्यूज ■ फरीदाबाद**



नीलम चौक स्थित एस्कोर्ट फोर्टिस अस्पताल बुधवार को दिमागी बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शिविर लगाया गया। जिसमें न्यूरोलॉजी विभाग निदेशक डॉ.रोहित गुप्ता ने मरीजों को दिमागी बीमारियों को लेकर जागरूक किया और बीमारियों के लक्षण के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि इस साल की शुरुआत में कोरोना वायरस के आतंक ने एक काम अच्छा किया और वह था प्रदूषण का स्तर बिल्कुल कम होना। महामारी की वजह से लगे लॉकडाउन ने फरीदाबाद उसके आसपास के इलाकों की आबोहवा को तरोताजा कर दिया था। मगर अब एक बार फिर प्रदूषण खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया है। वहीं दूसरी तरफ ठंड भी बढ़ गई है। इस मौसम में ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। सर्दियों में हमारी दिनचर्या बदल जाती है। हम सुबह देर तक सोते हैं और ज्यादा समय तक बेड में पड़े रहते हैं। एक्सरसाइज कम करते हैं। टहलना कम होता है। खून की नसें सिकुड़ जाती हैं जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। कभी-कभी बीपी बढ़ने से दिमाग की नस फट की आशंका रहती है। वहीं हवा में प्रदूषित कण काफी बढ़ गए हैं। स्मॉग के दौरान ठंड में खून की धमनियां सिकुड़ने से दिल को संपूर्ण शरीर में रक्त प्रवाह बनाए रखने पर मशक्कत करनी पड़ती है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। रक्त की धमनियां सिकुड़ने से रक्त के प्रवाह में रुकावट आती है। ब्रेन स्ट्रोक में दिमाग की नशे अचानक काम करना बंद कर देती हैं। बोलने की क्षमता प्रभावित होती है और आंखों से साफ दिखाई नहीं देता। अस्पताल में रोजाना करीब 4 से 5 मरीज इलाज के लिए पहुंच हे हैं।

# लड़ाई-झगड़ा में हुई व्यक्ति की हत्या, परिवार के कई सदस्यों पर मामला दर्ज

**वैभव न्यूज ■ फरीदाबाद**

थाना एसजीएम नगर क्षेत्र में हुए लड़ाई-झगड़े में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा नंबर 408 धारा 147, 149, 323, 302, 506 के तहत मुकदमा नंबर 408 दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बी ब्लॉक एसजीएम नगर निवासी विकास दिवाकर ने पुलिस में शिकायत दी कि वह यहां किराए पर रहता है तथा राजमिस्त्री का कार्य करता है। उसका सुसर कुंवरपाल छोटा काबली गुरुद्वारा के पास अपने परिवार सहित किराए के मकान में रहता है, जो महनत मजदूरी का कार्य करता है। बुधवार सायं मेरे रिश्तेदार मोहरसिंह जो अपने परिवार सहित एसजीएम नगर में किराए पर रहता है, मोहर सिंह की बेटी चंचल तथा मेरी पत्नी पूजा के बीच कहासुनी हो गयी थी। रात को जब मेरा साला बॉबी घर के बाहर खड़ा था, उसी दौरान मोहरसिंह, उसकी पत्नी चंद्रवती, मोहरसिंह के दामाद भुवनेश, बबलू और धर्मेंद्र मिलकर आये। चंद्रवती और मोहरसिंह ने अपने हाथों में डंडे ले रखे थे, उन्होंने आते ही मेरे साले के साथ मारपीट शुरू कर दी, शोर सुनकर मैं और मेरा ससुर कुंवर घर से बाहर आ गए तो उन्होंने मेरे साथ भी मारपीट शुरू कर दी। भुवनेश व बबलू मुझसे मारपीट करने लगे तथा मोहरसिंह व उसकी पत्नी चंद्रवती ने अपने हाथों में लिए डंडों से मेरे ससुर कुंवरपाल को पीटने लगे तथा धर्मेंद्र मेरे साले बॉबी के साथ मारपीट कर रहा था। जब हमने अपनी जान बचाने के लिए गुहार लगाई तो ये लोग भाग गए और जाते जाते जान से मरने की धमकी दे गयी। उसके बाद मैं और मेरा साला राहुल मेरे ससुर कुंवरपाल को इलाज के लिए बीके हॉस्पिटल ले गए, जहां से उन्हें सफदरजंग हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया लेकिन मेरे ससुर की हालत अधिक खराब होने की वजह से हमने उन्हें तीन नंबर प्राची हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके ससुर कुंवरपाल की हत्या मोहरसिंह, चंद्रवती, धर्मेंद्र, बबलू व भुवनेश के द्वारा की गयी है इसलिए के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**ज्ञापन**

## राज्य मार्गों पर लगी खराब लाइटों को लेकर सौंपा डीसी को ज्ञापन

# अंधेरे में डूबी फरीदाबाद स्मार्ट सिटी : भारत अरोड़ा

**वैभव न्यूज ■ चंडीगढ़**

दीवाली पर्व के अवसर पर फरीदाबाद स्मार्ट सिटी में नेशनल हाइवे व बाइपास रोड पर लाइटों की व्यवस्था किए जाने को लेकर युवा नेता एवं समाजसेवी भारत अशोक अरोड़ा ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की, कि दीपावली पर्व जोकि रोशनी एवं दीपों का पर्व है के अवसर पर फरीदाबाद स्मार्ट सिटी को भी रोशन किया जाए। एक तरफ जहां दिल्ली के सभी हाईवे एवं मुख्य सडकें जगमग रोशन है, वहीं फरीदाबाद का बुरा हाल है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की, कि फरीदाबाद के अंदर लगने वाले हाईवे व बाईपास रोड पर लाइटिंग की व्यवस्था की जाए और बंद पड़ी लाइटों को चालू करवाया जाए, जिससे आने वाले समय में पडने वाले कोहरे एवं सर्दियों में दुर्घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके। भारत अरोड़ा ने कहा कि फरीदाबाद शहर के लिए यह बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि सत्ताधारी पार्टी के 5-5 विधायक, एक कैबिनेट मंत्री एवं एक केन्द्रीय राज्यमंत्री होने के बावजूद भी यहां के रोड रात होते ही अंधेरे में डूब जाते हैं।

फरीदाबाद की जनता करोड़ों रुपया रोड टैक्स के रूप में दे रही है, टोल टैक्स अलग से देती है, बावजूद उसको सुविधाओं के नाम पर ठेंगा दिखाया जा रहा है। बदरपुर बॉर्डर से लेकर बल्लभगढ़-पलवल तक मथुरा रोड पूरी तरह अंधकारमय है। जिसके चलते इस नेशनल हाइवे पर रात के समय गाड़ी से यात्रा करना बहुत खतरनाक है।


## अपहृत लड़की की तलाश



करिश्मा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दिखाई गई) जिसका नाम करिश्मा **D/o** लक्ष्मण **R/o** डब्ल्यूजेड–1772–डी ग्राउंड फ्लोर, मुल्तानी मोहल्ला, रानी बाग, दिल्ली **उम्र** 14 साल जो कि 02.11.2020 को करीब दोपहर 2:30 बजे सी–42, इंडस्ट्री एरिया, लोरेंस रोड़, दिल्ली से अपहृत है। इस बाबत **FIR No.605/20 दिनांक 03.11.2020 u/s 363 IPC** थाना केशव पुरम, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार हैः

**रंगः** गोरा, **कदः** 5'3", **चेहराः** गोल, **शरीरः** पतला, जिसने काले रंग की टी–शर्ट और काले रंग की लेग्गिन्स पहनी है।

अगर किसी व्यक्ति को इस अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो थानाध्यक्ष केशव पुरम, दिल्ली को ई–मेलः **cic@cbi.gov.in** और वेबसाइट : **http://cbi.nic.in** पर सूचित करने की कृपा करें।

फोन नं.: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
DP/487/NW/2020

हस्ता/–
थानाध्यक्षः केशव पुरम, दिल्ली
फोनः 011-27181325, 27195810

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया है कि अभियुक्त **अमन कुमार श्रीवास्तव, पुत्र** सुरेन्दर कुमार श्रीवास्तव, **निवासी** (1) 5ए/10, प्रथम तल तिलक नगर पिलर संख्या 492 के पास, मुख्य नजफगढ़ रोड (एंकी कैपिटल फाइनेंस का कार्यालय) (2) ए1/175ए, मां शकलती अपार्टमेंट, पश्चिम विहार, दिल्ली (3) बीजी––7/136 पश्चिम विहार, दिल्ली (4) जे–3/10, राजौरी गार्डन, दिल्ली ने **FIR No. 272/15, U/s 420/34 IPC थाना भारत नगर, नई दिल्ली** के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमन कुमार श्रीवास्तव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त **अमन कुमार श्रीवास्तव** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **अमन कुमार श्रीवास्तव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **FIR No. 272/15, U/s 420/34 IPC थाना भारत नगर, नई दिल्ली** के संदर्भ में दिनांक **16.12.2020** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अतुल कृष्ण अग्रवाल, अपर मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट
(उत्तर–पश्चिम) कमरा नंबर 101, पहली मंजिल,
रोहिणी कोर्ट्स, नई दिल्ली

DP/493/NW/2020-(Court Matter)

## गुमशुदा की तलाश



नाजमी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक लड़की जिसका नाम **नाजमी पुत्री** सिकंदर, **पता**– 209, रमेश एन्क्लेव, बी–ब्लॉक, किरारी, सुलेमान नगर, दिल्ली। उक्त लड़की दिनांक 24.10.2020 को शाम में करीब 4:00 से अपने घर से गुमशुदा है। इस संबंध में **डीडी नं 60ए दिनांक 28.10.2020 को पुलिस थाना अमन विहार, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा लड़की की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा लड़की का विवरण इस प्रकार हैः

**नामः** नाजमी, **लिंगः** स्त्री, **उम्रः** 20 वर्ष, **रंगः** गोरा, **कदः** 5'4'', **चेहराः** गोल, **शारीरिक गठनः** पतला, **पहनावाः** काले रंग की कुर्ती, लाल रंग की सलवार और उसके पैरों पर काले रंग की जूती पहने हुए है

इस गुमशुदा लड़की के बारे में यदि कोई जान कारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी अमन विहार, दिल्ली को सूचित करे।

**ई–मेल : cic@cbi.gov.in**
**फोन : 011-24368638, 24368641**
**फैक्स : 011-24368639**
**DP/510/RD/2020**

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, अमन विहार, दिल्ली
फोन न.: 011-27581812, 27581223

## गुमशुदा की तलाश



निकिता यादव

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक महिला जिसका नाम **निकिता यादव, पत्नी** राजेश यादव, **पता** –188, राजपुरा गुरुमंडी दिल्ली। उक्त महिला दिनांक 23.10.2020 को पुलिस थाना मॉडल टाउन के क्षेत्र से गुमशुदा है। इस संबंध में **डीडी नं 38ए दिनांक 23.10.2020, को पुलिस थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा महिला की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा महिला का विवरण इस प्रकार हैः

**नामः** निकिता यादव, **लिंगः** स्त्री, **उम्रः** 21 वर्ष, **कदः** 5'5'', **रंगः** सावला, **चेहराः** लम्बा, **शारीरिक गठनः** साधारण, **पहनावाः** पीले रंग का सूट, पीले रंग का सलवार और पैरों में चप्पल पहने हुए है।

इस गुमशुदा महिला के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी मॉडल टाउन, दिल्ली को सूचित करे।

**ई–मेल : cic@cbi.gov.in**
**फोन : 011-24368638, 24368641**
**फैक्स : 011-24368639**
**DP/482/NW/2020**

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, मॉडल टाउन, दिल्ली
फोन न.: 011-27459202, 27120032

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया कि अभियुक्त **नवीन उर्फ कूक्कू उर्फ गगन पुत्र रामफल** निवासी नजदीक पुरानी चौपाल, नांगल कलां, सोनीपत, हरियाणा ने **FIR No. 772/17 u/s 354/379/392 IPC दिनांक 25.12.2017 थाना बेगमपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नवीन उर्फ कूक्कू उर्फ गगन पुत्र रामफल** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नवीन उर्फ कूक्कू उर्फ गगन पुत्र रामफल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 772/17 u/s 354/379/392 IPC दिनांक 25.12.2017** के उक्त अभियुक्त **नवीन उर्फ कूक्कू उर्फ गगन पुत्र रामफल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 11.12.2020 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सान्या दलाल, एमएम
महिला कोर्ट, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/515/RD/2020-
Court matter

## अपहृत लड़की की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़की जिसका **नामः** दीपा, **पुत्रीः** महेन्द्र सिंह , **पताः** मकान नं. 88, गली नं. 7, अम्बेडकर नगर, दिल्ली, **उम्रः** 15 साल, **कदः** 5 फीट 6 इंच, **रंगः** गोरा, **चेहराः** गोल, **शरीरः** साधारण, **पहनावाः** पीले रंग की सूट व काले रंग की पायजामी व चप्पल में पहने हुए है, जो दिनांक 12.05.2015 को अपने घर से, थाना क्षेत्र शालीमार बाग, दिल्ली से अपहरण हो गई है। इस संदर्भ में FIR No. 0606/2015, U/s 363 IPC दिनांक 12.05.2020, थाना शालीमार बाग, दिल्ली में दर्ज है। पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अबतक इस लापता लडकी के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थाना शालीमार बाग, दिल्ली
फोन: 011-27495198
DP/455/NW/2020

## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

उप. मु. सं. एवं दू. अभि. नि./सी. डब्लू. नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड सिंगल पैकेट प्रणाली निविदा फ्रॉम एस्टब्लिशड कॉन्ट्रैक्टर्स जिनके पास सीमिलर नेचर का कार्य का अनुभव है एवं जो संतोषजनक न्यूनतम एलिजिब्लिटी क्राईटेरिआ फुल फिल करते है, निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा आमंत्रित कर रहा है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम एवं स्थान | ''उत्तर रेलवे के फिरोजपुर डिवीजन मे रावी ब्रिज सेक्शन के दोहरीकरण के संबंध में कठुआ और माधोपुर पंजाब स्टेशनों पर पीआई के परिवर्तन का एस एंड टी कार्य और निकटवर्ती स्टेशनों पर संबद्ध दूरसंचार के कार्य हेतु''। |
| पूरा होने की अवधि | 06 महीने (अनुबंध पत्र जारी होने की तिथि से) |
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 66.35 लाख (अनुमानित) |
| धरोहर राशि | रु. 132700/– (रुपये एक लाख बत्तीस हजार सात सौ केवल) (केवल ऑन लाइन जमा किया जाना है) |
| निविदा खुलने की तारीख एवं समय | निविदाकर्ता केवल ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 07.12.2020 को 11.30 बजे के बाद खोला जाएगा। |
| स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है | ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य–शुन्य उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 14.11.2020 से 11.30 बजे दिनांक 07.12.2020 तक IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा, दिनांक 23.11.2020 से 07.12.2020 को 11.30 बजे तक निविदा में भाग लेने के लिये, निविदा डालने से पहले, निविदाकर्ता जो उपरोक्त वेबसाइट पर निविदा में भाग लेने के लिए इच्छुक हैं रजिस्टर होने की सलाह दी जाती है। निविदाकर्ता को आई टी अधिनियम 2000 के तहत क्लास सी सी ए III डिजिट्ल प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा (अगर पहले से नहीं लिया है) उपरोक्त ई–निविदा की सभी नियम एवं शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा नोटिस का विवरण उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

पत्र संख्या 178–सिग/सी.डब्लू./32/96 पार्ट–I दिनांक : 12.11.2020 2523/2020

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

SABRIMALA INDUSTRIES INDIA LIMITED

formerly known as SABRIMALA LEASING AND HOLDINGS LIMITED

CIN: L74110DL1984PLC018467

Regd. Off.: 205, Aggarwal Corporate Heights , Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi-110034 website: www.sabrimala.co.in, Email: cs@sabrimala.co.in, Ph: 011-47479723

STATEMENT OF UNAUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER, 2020

( In Lacs)

| S.No. | Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
| | | 30.09.2020 | 30.06.2020 | 30.09.2019 | 30.09.2020 | 30.09.2019 | 31.03.2020 | 30.09.2020 | 30.06.2020 | 30.09.2019 | 30.09.2020 | 30.09.2019 | 31.03.2020 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total income from operations (net) | 8.16 | 9.18 | 49.48 | 17.34 | 60.99 | 102.10 | 8.16 | 9.18 | 56.60 | 17.34 | 68.11 | 112.61 |
| 2 | Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | 3.86 | 7.23 | 13.95 | 11.09 | 13.48 | (29.05) | 4.01 | 7.08 | (5.80) | 11.09 | (11.05) | (29.05) |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary items) | 3.86 | 7.23 | 13.95 | 11.09 | 13.48 | (29.05) | 4.01 | 7.08 | (5.80) | 11.09 | (11.05) | (29.05) |
| 4 | Total Comprehensive income/(Loss) for the period [Comprehensive profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 3.863 | 7.23 | 13.95 | 11.09 | 13.48 | (29.05) | 4.01 | 7.08 | (5.80) | 11.09 | (11.05) | (29.05) |
| 5 | Equity Share Capital | 871.45 | 871.45 | 871.45 | 871.45 | 871.45 | 871.45 | 871.45 | 871.45 | 871.45 | 871.45 | 871.45 | 871.45 |
| | Earnings Per Share (before extraordinary items) (of ` _10__/- each) Basic & Diluted | 0.04 | 0.08 | 0.16 | 0.13 | 0.15 | (0.33) | 0.05 | 0.08 | (0.07) | 0.13 | (0.13) | (0.33) |
| | Earnings Per Share (after extraordinary items) (of ` _10__/- each) Basic & Diluted | 0.04 | 0.08 | 0.16 | 0.13 | 0.15 | (0.33) | 0.05 | 0.08 | (0.07) | 0.13 | (0.13) | (0.33) |

Notes: 1. This statement has been prepared in accordance with the Companies(Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
2. During the captioned period, company's business activity falls within single primary business segments i.e. "Trading of household plastic products" the disclosure requirements of Ind AS-108, Operating segments notified under Section 133 of the Companies Act, 2013 are not applicable.
3. This statement has been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on November 12,2020. The statutory auditor have conducted a limited review of the above financial results.
4. The figures of the previous period have been reclassified/regrouped wherever necessary to conform to current periods.

Place : New Delhi
Date : 12th November, 2020

For and on behalf of the Board of Directors
Sd/-
Suresh Kumar Mittal
Managing Director